हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 24 सितंबर 2025

04 कुंडों में पीओपी और बेतवा नदी में होगा मिट्टी की...



07 पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को ...




## खबर संक्षेप

### संस्कृत श्लोक वाचन में ओलम्पस के छात्र अव्वल

**विदिशा।** द ओरिएंटल स्कूल भोपाल में सहोदय अंतर विद्यालयीन संस्कृत श्लोक वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विदिशा के ओलम्पस हाई स्कूल द्वारा भी भाग लिया गया। भोपाल एवं पास के शहरों के अनेकों विद्यालयों की इस प्रतियोगिता में ओलम्पस हाई के विद्यार्थियों ने अपना वर्चस्व दिखाया और उत्कृष्ट परिणाम दिए। स्कूल की छात्रा भूमि रघुवंशी ने सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी को गौरवान्वित किया। वही जूनियर वर्ग में छात्र आशय कटारे ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधक मोहित रघुवंशी व अकादमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी ने भूमि व आशय की इस सफलता पर बधाई दी।





### कांग्रेस का ज्ञापन कल

**विदिशा।** किसानों की विभिन्न समस्यायों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कल 25 सितंबर गुरुवार को कलेक्टर को ज्ञापन दिया जाएगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष विनीत सिंह दांगी सहित वरिष्ठ नेता और कांग्रेस कार्यकर्ता सभी मोर्चा संगठन अध्यक्ष और पदाधिकारी दोपहर 12 बजे एकत्रित होने की अपील की है।

### गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं को भ्रमण कराया गया

**विदिशा।** विगत दिवस सहकारी बैंक द्वारा आयोजित भ्रमण कार्यक्रम में गर्ल्स कॉलेज की वाणिज्य विभाग की छात्राओं के दल को वाणिज्य विभाग के विभाग अध्यक्ष डी. एनपी अरोरा ने हरि झंडी दिखा कर रवाना किया। वाणिज्य विभाग की छात्राओं ने सबसे पहले साइलो का भ्रमण किया। जिसमें सहकारी बैंक के कार्यक्रम संयोजक ओपी वास्तव द्वारा सहकारिता के गेहूं की किस्म, उनकी बिनाई, छटाई और सुरक्षित भंडारण आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद सहकारी बैंक विदिशा में छात्राओं को बैंक की कार्य प्रणाली के बारे में अवगत कराया। छात्राओं का दल भोपाल दुग्ध डेयरी द्वारा संचालित शीत केंद्र का भी भ्रमण किया। आखिर में उदयगिरि पर्यटन स्थल के इतिहास, विकास के बारे में एक वेबसाइट के माध्यम से छात्राओं को जानकारी दी गई।

### मुकुट व बाइक चुराने वाले दो चोर गिरफ्तार

**विदिशा।** मां दुर्गा मंदिर से चांदी का मुकुट एवं कॉलोनी निवासी आनंद विश्वकर्मा की बाइक चोरी करने वाले दो चोरों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रेहान उर्फ शोएब पिता स्व. राशिद खान उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम नयापुरा थाना सतलापुर मंडी जिला रायसेन, आमीन पिता नूर मोहम्मद, उम्र 29 वर्ष निवासी मकान नं. 174, ग्राम बागरोदा थाना कटारा हिल्स भोपाल से चोरी का माल भी वरामद किया गया है।

# भीड़ को काबू करने आंसू गैस के गोले फेंके, बचाव में पुलिस ने हवा में दागी गोलियां, लाठीचार्ज किया

**पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल का अभ्यास:** दो टीमें बनाकर पुलिसकर्मियों को दंगा और बलवा की स्थिति में भीड़ नियंत्रण का प्रशिक्षण दिया







**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** त्योहारी सीजन को देखते हुए पुलिस ने हर स्थिति से निपटने का मंगलवार को अभ्यास किया। पुलिस लाइन के ग्राउंड में दो टीमें बनाई गईं। एक टीम ने पुलिस और दूसरी टीम ने दंगाइयों की भूमिका निभाई। आमने सामने आते ही पुलिस ने दंगाईयों की टीम को पहले चेतावनी दी। इसके बाद भी दंगाई पीछे नहीं हटे तो पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे, फिर हवाई फायर कर दंगाइयों को डराने का प्रयास किया। इसके बाद भी दंगाई नहीं माने तो लाठी चार्ज कर पुलिस ने ही पुलिस को दौड़ा दौड़ा कर पीटा और दंगा या बलबे की स्थिति से निपटने का अभ्यास किया। इस अभ्यास में जिले के सभी थाना प्रभारी, पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। पथराव और उपद्रव से निपटने के लिए पुलिस द्वारा यह अभ्यास किया गया। पुलिसकर्मियों को दंगा और बलवा की स्थिति में भीड़ नियंत्रण का प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें गैस गन, ग्रेनेड और आंसू गैस के गोलों के इस्तेमाल की जानकारी दी गई। साथ ही लाठियों के उचित प्रयोग का अभ्यास कराया गया। एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि इससे पुलिस आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई कर सकेगी।

## नदवाना और शिवबिहार कॉलोनी में चोरी की वारदात

# दो कॉलोनियों से लाखों के जेवर नकदी समेत डायमंड रिंग चोरी

सोमवार की रात चोरों ने दो कॉलोनियों में चोरी की वारदाता को अंजाम दे डाला। यहां से चोर लाखों रुपए के जेवर और नगदी चुराकर रफुचक्कर हो गए। शहर में चोरों का आतंक बढ़ गया है और वह आए दिन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। जबकि पुलिस ने नवरात्र में गश्त तेज करने की बात कही थी।

***चोरी की वारदात के बाद फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वॉड की टीम ने पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।***

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सीसीटीवी कैमरे में चार संदिग्ध युवक कैद



**विदिशा।** घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घरों के अंदर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

सोमवार रात दो अलग-अलग कॉलोनियों में चोरी की वारदात हुई। चोरों ने लाखों रुपए के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ किया। साई ओरा कॉलोनी में पहली वारदात हुई।

प्रमोद खटीक का परिवार नंदवाना में देवी प्रतिमा स्थापना में व्यस्त था। घर खाली होने का फायदा उठाकर चोरों ने ताले तोड़े। उन्होंने 15 तोला सोने के जेवर और 5.5 लाख रुपए नकद चुरा लिए। सुबह जब मालिक का बेटा घर आया तो सारा सामान बिखरा मिला। शिव बिहार कॉलोनी में दूसरी वारदात हुई। चोरों ने एक मकान से डायमंड रिंग और करीब 25 हजार रुपए नकद चुरा लिए। सिविल लाइन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वॉड की टीम भी जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज में आधी रात करीब तीन बजे चार संदिग्ध युवक कॉलोनी में घूमते और घरों में सेंध लगाने की कोशिश करते दिखे। कुछ दिन पहले मुख्य मार्ग से एक पिकअप वाहन चोरी हुआ था। उसके बाद एक दुकान में चोरी हुई। अब दो घरों में चोरी की वारदात हुई है। लगातार बढ़ती चोरियों से शहरवासी भयभीत हैं। लोग घर छोड़कर बाहर जाने से हिचक रहे हैं।

### मंदिर परिसरों, गरबा पंडालों, झांकियों स्थलों पर निगरानी रखेगी टीम




**विदिशा।** पुलिस ने नवरात्रि और दशहरा त्योहार के दौरान महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा के लिए शक्ति मोबाइल की शुरुआत की है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से इस विशेष वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शक्ति मोबाइल में महिला पुलिसकर्मी और प्रशिक्षित दल को शामिल किया गया है। यह टीम मंदिर परिसरों, गरबा पंडालों, झांकियों और रावण दहन स्थलों पर निगरानी रखेगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि त्योहारों के दौरान संवेदनशील इलाकों में विशेष चौकसी रहेगी। कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह, कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज, सिविल लाइन थाना प्रभारी आरके मिश्रा, यातायात प्रभारी आशीष राय और शक्ति मोबाइल प्रभारी पूजा रावत उपस्थित थे। पुलिस ने डायल 112 और महिला हेल्पलाइन 1090 को भी पूरी तरह सक्रिय कर दिया है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि, छेड़छाड़ या असामाजिक तत्वों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इससे सभी लोग सुरक्षित माहौल में त्योहार का आनंद ले सकेंगे।

## अपनी सोच की सुरक्षा व बौद्धिक संपदा अधिकारों पर हुई व्यापक कार्यशाला




**सीहोर।** श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंसेज़, सीहोर के विद्यालय ऑफ इंजीनियरिंग एवं आईपीआर सेल के संयुक्त तत्वावधान में 23 से 24 सितंबर 2025 तक "अपनी सोच की सुरक्षा बौद्धिक संपदा अधिकारों पर एक व्यापक कार्यशाला" विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया।

यह कार्यक्रम कुलगुरु डॉ मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन एवं डॉ. गार्गी सिंह के स्वागत भाषण प्रारंभ से हुआ। इसके पश्चात परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर तथा रजिस्ट्रार डॉ. हेमंत शर्मा ने अपने विचार प्रकट करते हुए बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व और उसके व्यावहारिक आयामों पर प्रकाश डाला। पहले दिन के मुख्य अतिथि वक्ताओं के रूप में डॉ. वी. के. सुखवानी, प्रोफेसर, शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज उज्जैन एवं डॉ. एन. के. चौबे, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक (सेवानिवृत्त), मध्यप्रदेश परिषद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, भोपाल ने उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। दोनों विद्वानों ने बौद्धिक संपदा अधिकारों की अवधारणा, पेटेंट फाइलिंग प्रक्रिया, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क एवं नवाचार के संरक्षण की उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी और प्रतिभागियों को शोध एवं आविष्कारों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया। व्यक्त करते हुए अतिथि वक्ताओं, विश्वविद्यालय प्रबंधन एवं उपस्थित प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। यह कार्यशाला मध्यप्रदेश परिषद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, भोपाल द्वारा प्रायोजित एवं प्रोत्साहित की गई।

# इलाज कराने भोपाल गए थे पति पत्नी, घर में लगी आग पांच लाख का सामान खाक

***पति पत्नी की तबीयत खराब और घर में आग लगने से पड़ गई दोहरी मार, जायजा लेने पहुंचे विधायक और एसडीएम ने परिवारजनों को दिया शासन से भरपूर मदद दिलाने का आश्वासन***

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



तलैया मोहल्ले में एक घर में अचानक आग लग गई। मकान मालिक मुकेश किरार के घर में लगी इस आग से करीब 5 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। घटना के समय मुकेश और उनकी पत्नी भोपाल एम्स में इलाज करा रहे थे।

दोनों की तबीयत कुछ दिनों से खराब चल रही थी। पड़ोसियों ने फोन कर उन्हें आग लगने की सूचना दी। आग लगने से बाइक, पलंग, वॉशिंग मशीन समेत घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही घर का सारा सामान जल चुका था। मुकेश की पत्नी ने बताया कि सामान वाले कमरे से आग की शुरुआत हुई। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक मुकेश टंडन मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। अब तक घटना की वजह पता नहीं चल पाई है।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**विदिशा।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर आज शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विदिशा में जिला स्तरीय कार्यक्रम को शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, विधायक मुकेश टंडन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं वाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी, स्कूल प्राचार्य के सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी विदिशा डॉ. रामहित कुमार, जिला टीकाकरण अधिकारी एवं नोडल अधिकारी एनडीडी, डॉ. डीके शर्मा उपस्थित रहे। बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाब हेतु सभी स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में एक वर्ष से उन्नीस वर्ष तक के सभी बालक बालिकाओं को आयु अनुसार एल्वेंडाजोल की कृमिनाशक गोली का सेवन कराकर कृमिनाशन कराया जा रहा है।

## डीजे की तेज आवाज से परेशान प्रभावित व्यापारियों ने एसपी को दिया ज्ञापन

# दुकानों में लगा इलेक्ट्रॉनिक सामान व शोकेस तक टूटा, एक व्यापारी की तबीयत भी बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



डीजे की तेज आवाज के खिलाफ सर्राफा व्यापारियों ने प्रशासन से गुहार लगाई है।

व्यापारियों ने मंगलवार को कलेक्टर-एसपी को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है कि डीजे की तेज आवाज से कारोबार और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं। पिछले दो दिनों में डीजे की तेज आवाज से कई दुकानों में लगी लाइटें और शोकेस का सामान टूट गया। एक व्यापारी की तबीयत बिगड़ने से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। नयन ज्वैलर्स की दुकान में एक बड़ी लाइट गिर गई। संयोग से वह ग्राहक के पास नहीं गिरी, वरना बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। राजेश सर्राफ ने बताया कि डीजे में 20-25 माइक लगाए जाते हैं। इससे आवाज इतनी तेज हो जाती है कि खड़े रहना मुश्किल हो जाता है। यह स्थिति हृदय रोगियों के लिए खतरनाक है। सर्राफा एसोसिएशन ने मांग की है कि डीजे की आवाज को शासन के मापदंडों के अनुसार सीमित किया जाए। व्यापारी राजेश खुबाल ने नियम तोड़ने वाले डीजे संचालकों पर कार्रवाई की मांग रखी। एसपी रोहित काशवानी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं।

## इससे पहले एक बार दौरा कार्यक्रम हो चुका है निरस्त

# सीएम के दौरे को तैयारियों को कलेक्टर ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरवाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 27 सितम्बर को कुरवाई में प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर अंशुल गुप्ता और विधायक हरिसिंह सप्रे ने जायजा लिया। जिसमें प्रमुख रूप से हेलीपेड स्थल पार्किंग स्थल, सभा स्थल पार्किंग व्यवस्था उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित होने वाले हितग्राही उक्त कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा कार्यक्रम स्थल पर जिन निर्माण कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास किया जाना है उन कार्यों की सूची तैयार की जाए और कार्यक्रम स्तर पर हितग्राहियों को हित लाभ वितरण के लिए विभागवार हितग्राहियों का चयन किया जाए।

कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो इसके लिए किए जाने वाले प्रमुख प्रबंध तथा वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देश दिए कि बारिश के मौसम को ध्यान गत रखते हुए संपूर्ण पांडाल वाटर प्रूफ बनाया जाएगा। प्रदर्शनी लगाने की रूपरेखा के संदर्भ में भी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सौपे जाने वाले विभागीय कार्यों हेतु किए जाने वाले प्रबंधों की पूर्ति समयावधि में पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।



सचिव और रोजगार सहायक जीआरएस की बैठक कर उन्हें योजनाओं के क्रियान्वयन तथा पात्र हितग्राहियों को हित लाभ वितरण संबंध में निर्देश दिए गए।

### कलेक्टर ने स्वयं सुनी आवेदकों की समस्याएं

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं का समाधान किया। 161 आवेदकों के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। जिसमें से मौके पर 94 आवेदनों का निराकरण किया गया है। शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही कर निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश विभागों के अधिकारियों को दिए गए हैं। कलेक्टर ने स्वयं आवेदकों से संवाद कर उनकी समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए मौके पर निराकरण की पहल की है। जनसुनवाई कक्ष के समीप स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपचार केम्प के अलावा आयुष्मान कार्ड भी बनाए जा रहे हैं।

### भाजपा ने गांधी प्रतिमा के आसपास की सफाई

**विदिशा।** भाजपा ने सेवा पखवाड़े के तहत विधायक मुकेश टंडन के नेतृत्व में अभियान चलाया। गांधी चौक नीमताल के आसपास सफाई की गई। कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा की सफाई की। साथ ही शहर के अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं और स्टैचू के आसपास भी सफाई अभियान चलाया। विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि यह अभियान शहर को स्वच्छ बनाने का प्रयास है। इससे नागरिकों को भी अपने क्षेत्र की सफाई में योगदान के लिए प्रेरणा मिलेगी। पदाधिकारियों ने कहा कि यह सिर्फ प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है।



## बासौदा मंडी भाव

गेहूं शरबती
न्यूनतम भाव-2650
उच्चतम भाव-3211
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2450
उच्चतम भाव- 2740
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2480
उच्चतम भाव- 2480
चना
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-5800
मसूर
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6650
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-1655
उच्चतम भाव- 3101
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-4546
सरसों
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-7000
मूंग
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव- 6815
धनिया
न्यूनतम भाव-6055
उच्चतम भाव- 6100
उड़द
न्यूनतम भाव-3400
उच्चतम भाव-6670
धान
न्यूनतम भाव-1725
उच्चतम भाव-2300
बटरी
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव- 2800

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 9493 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

# अभिनेता आशुतोष राणा ने श्रीराम नाम लेखन बैंक के प्रयासों को बताया रामसेतु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



भोपाल के रविंद्र भवन में रविवार को रामायण पर आधारित नाटक हमारे राम के विशेष मंचन के दौरान एक अद्भुत दृश्य देखने को मिला। मंच अभिनय का था, लेकिन पुस्तकों में आस्था राम की थी। जिसे देख रावण भी पिघल गया जिसने अभिनय और आस्था के बीच की सीमाओं को मिटाते हुए राम नाम लेखन पुस्तिकाओं का अपने हाथों से विमोचन किया।

रावण के किरदार में आए अभिनेता आशुतोष राणा ने उपस्थित दर्शकों को राम नाम बैंक के प्रयासों के बारे में कहा कि राम नाम लिखने और इसे जीवन में अपनाने की यह पहल केवल आध्यात्मिक साधना नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा फैलाने का माध्यम है। इन पुस्तकों को विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने अपने पिताजी की स्मृति में दस करोड़ राम नाम लेखन के संकल्प को लेकर श्री राम नाम बैंक को भेंट की हैं। रामायण पर आधारित नाटक के भव्य मंचन "हमारे राम" नाटक के निर्देशक गौरव भारद्वाज हैं और राहुल भुचर व आशुतोष राणा इस नाटक के प्रमुख कलाकार और निर्माता हैं। हमारे राम नाटक की टीम अपनी सफलता का परचम लहराते हुए देश विदेश में 2024 से लेकर अभी तक 301 मंचन कर चुकी हैं। विमोचन के मौके पर राम नाम बैंक के 50 खाताधारियों को भोपाल ले जाकर हमारे राम नाटक का मंचन भी दिखाया गया। मालूम हो कि नगर में श्री राम नाम बैंक की स्थापना समाजसेवी रघुनाथ सिंह रघुवंशी द्वारा राम भक्ति को जन मन से जोड़ने के उद्देश्य को लेकर करते हुए राम नाम लेखन की शुरुआत की थी जिसकी आधारशिला करीब 19 वर्ष पूर्व श्री राम जन्मभूमि न्यास अध्योध्या के अध्यक्ष महंत श्री नित्य गोपाल दास महाराज द्वारा रखी गई। तब से यह बैंक निरंतर राम भक्तों को निशुल्क रूप से राम नाम लेखन के लिए पुस्तकें उपलब्ध करा रही है। इस बैंक में 19 हजार खाताधारी हैं जो राम नाम का लेखन कर रहे हैं उनके नियमित लेखन से ही अभी तक डेढ़ अरब से अधिक राम नाम लेखन हो गया है, जिनको पुस्तकों के रूप में अयोध्या की सीताराम बैंक में जमा किया जा चुका है।

राम नाम बैंक के संस्थापक रघुनाथ सिंह के सुपुत्र गिरिराज रघुवंशी का कहना है कि मेरे पिता ने मुझे ज़मीन-जायदाद से बड़ी राम नाम की संपत्ति दी है। धन-दौलत तो घटता है, पर राम नाम हर दिन बढ़ता है। यह मेरी जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि सौभाग्य है कि मैं इस विरासत को संभाल रहा हूं। बैंक पूरी तरह से हाईटेक हो चुकी है। हर खातेदारी का रिकॉर्ड रहता है। बैंक में सर्वाधिक राम नाम जमा करने वाले खातेदारों को हर साल सम्मानित किया जाता है। यह बैंक अब राम नाम प्रेमियों के सहयोग से 5 अरब राम नाम लेखन के लक्ष्य को लेकर चल रही है। गिरिराज ने बताया श्रीराम नाम बैंक की शाखा नगर के त्योंदा रोड़ एवं गंज के अलावा सिरोंज में भी संचालित हो रही है जिसको अन्य शहरों में भी विस्तार की योजना पर काम किया जा रहा है। राम का किरदार निभा रहे बॉलीवुड अभिनेता राहुल भुचर ने कहा कि राम नाम लेखन का यह अभियान अद्भुत है। आप राम नाम का प्रचार कलम से कर रहे हैं और हम मंच से। मैं भी बासौदा आकर अपनी आहुति अवश्य दूंगा। इस दौरान दर्शक भी मौजूद थे।

## हिंदू उत्सव समिति की बैठक में हुई विस्तार से चर्चा

# कुंडों में पीओपी और बेतवा नदी में होगा मिट्टी की प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा






दशहरा महोत्सव की तैयारियों को लेकर बासौदा श्री हिंदू उत्सव समिति और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक रघुवंशी धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में समिति अध्यक्ष राजेश तिवारी ने झांकी संचालकों के सम्मान की घोषणा की। नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने बैठक में प्रतिमा विसर्जन को लेकर लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मिट्टी की प्रतिमाओं का विसर्जन बेतवा नदी में किया जाएगा, वहीं पीओपी की मूर्तियों का विसर्जन नदी के पास बनाए गए कुंडों में होगा।

समिति ने पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया है। अगली बार से केवल मिट्टी से बनी प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। पीओपी की मूर्तियां नदी और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती हैं। नवरात्रि और गुडी पड़वा के आयोजन को भव्य बनाने की योजना भी बनाई गई। समिति झांकी में आने वाले दर्शकों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखेगी, किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जाएगी। नवरात्रि का समापन 2 अक्टूबर को होगा। शाम 7 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम और रात 10 बजे रावण दहन का आयोजन किया जाएगा। बैठक में नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, लोकेश सक्सेना, आकाश महेश्वरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इससे पूर्व गत दिवस बासौदा श्री हिंदू उत्सव समिति की बैठक ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित हुई थी। जिसमें तहसीलदार अरविंद यादव, शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया, देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे, यातायात प्रभारी निरपत सिंह लोधी, रक्षा समिति के दीपक तिवारी, पीडब्ल्यूडी से एसडीओ प्रभारी राजेन्द्र सिंघई, नगर पालिका से वरुणेन्द्र चौबे, मुन्ना महाराज, विद्युत विभाग के अधिकारी एवं हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश तिवारी, बीके राय शर्मा, सहित बैठक में बासौदा श्री हिंदू उत्सव समिति के सदस्य और पदाधिकारी मौजूद थे। इस दौरान अनेक विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से रावण निर्माण, माइक, साउंड, जनरेटर, बैठक व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, राम बारात सहित दशहरा ग्राउंड सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अन्य कार्यक्रमों की सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपते हुए। प्रशासनिक अधिकारियों से परिचय कराया गया और अन्य विषयों पर चर्चा कर, अनेक निर्णय लिए गए। बैठक में नए सदस्यों को बढ़ाने की स्वीकृति दी गई एवं सक्रिय सदस्यों को जिम्मेदारी देते हुए कार्यों को पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्यों का निर्वाह करने के लिए सदस्यों ने सहमति प्रदान की। इस अवसर पर बासौदा श्री हिंदू उत्सव समिति के संयोजक, सचिव आकाश माहेश्वरी, मनोज डागा, देवराज सिंह राजपूत, ओमप्रकाश चौरसिया, लोकेश सक्सेना, राहुल माथुर, अभय शर्मा, रविकांत मिश्रा, बसंत सिंह राजपूत, धीरेंद्र सिंह राजपूत, जगदीप सिंह राजपूत, राहुल शर्मा, यशवंत दांगी, पवन रिछारिया, सावन अग्रवाल आकाश शर्मा, हरिनारायण शर्मा, महेंद्र रघुवंशी एवं सदस्य मौजूद रहे।

### एसडीएम व तहसीलदार ने किया निरीक्षण



**गंजबासौदा।** मंगलवार को एसडीएम संतोष बिटोलिया एवं तहसीलदार अरविंद यादव ने सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव एवं नपा अधिकारियों के साथ शहर में नए उपवन कहां पर बनाए जाएं इसके लिए नए स्थान चयन किए। साथ ही लक्ष्मीबाई पार्क का निरीक्षण किया और नपा द्वारा इस उजडे पार्क को फिर से सजाने, संवारने और उसे नए रूप देने के कार्य की सराहना की। इस मौके पर पंचतत्व समिति अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह दांगीर, विजय अग्रवाल, नीलेश अग्रवाल, पार्षद नारायण सोनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ऊर्जा संरक्षण संवाद कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राष्ट्रीय सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को ऊर्जा संरक्षण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के द्वारा ऊर्जा संरक्षण महत्व, ऊर्जा संरक्षण नियमों एवं ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकताओं पर संवाद किया गया। कार्यक्रम शिवानी गौड़ के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर सुमनलता गुप्ता ने विद्यार्थियों को जागरूक किया। इस दौरान डॉ. पवन जैन, घनश्याम चौकसे उपस्थित रहे। वहीं छात्र, छात्राओं में रितिक राठौर, मिथिलेश विश्वकर्मा, राधिका शर्मा, अंजली यादव, अन्वेष रघुवंशी, मानसी तिवारी, नमिता अहिरवार, रवि रघुवंशी आदि ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डॉक्टर सुनीता श्रीवास्तव ने व्यक्त किया एवं ऊर्जा संरक्षण के महत्व को बताते हुए छात्र, छात्राओं को लाभान्वित किया।

## खबर संक्षेप

### महिलाओं को ड्रेस वितरित की



**गंज बासौदा।** नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में नव दुर्गा, नव रात्रि में शीतला माता मंदिर पर ड्यूटी करने वाली रक्षा समिति की महिलाओं, बहनों, सदस्यों को देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे द्वारा साड़ी ड्रेस वितरित की गई। इस अवसर पर रक्षा समिति के प्रांतीय संयोजक दीपक तिवारी विशेष रूप से उपस्थित थे। महिला सदस्यों में कला बाई शर्मा, नारायणी कुशवाह, प्रीति पंथी,गीता विश्वकर्मा, संगीता कुशवाहा, ओमवती विश्वकर्मा, रानी यादव आदि मौजूद थीं।

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर हो रहा पोषण माह का आयोजन

**गंजबासौदा।** इन दिनों आगंनबाड़ी केन्द्रों में पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। जिससे प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। सेक्टर डाबर के आगंनबाड़ी केन्द्र डाबर में पोषण माह के दौरान महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता और सजगता के लिए शपथ दिलवाई गई। सेक्टर पर्यवेक्षक संध्या श्रीवास्तव ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आंगनवाड़ी केंन्द्र में निर्धारित कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। महिलाओं और बच्चों के पोषण व्यवहार में परिवर्तन की बात समझाना, स्वस्थ नारी, सशक्त समाज कार्यक्रम की पहल चलाना। आयुष्मान, आभा आईडी अन्य कार्यों में सहयोग करना, महिला और बच्चों के पोषण में व्यवहार परिवर्तन की बात समझना। पोषण माह के दौरान आयोजित गतिविधियों से महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पुरुषों की महिलाओं और बच्चों के स्वास्थय के प्रति संवेदनशीलता और सजगता बढ़ेगी।




## तीन दिवसीय शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



समाधिस्थ संत शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज की प्रेरणा एवं नवाचार्य 108 समय सागर महाराज के आशीर्वाद से निर्यापक श्रमण मुनि 108 संभवसागर महाराज ससंघ मंगल सानिध्य में पूर्णायु आयुर्वेद चिकित्सालय एवं अनुसंधान विद्यापीठ जबलपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा तीन दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद परामर्श एवं निदान शिविर का समापन हुआ।

शिविर में लगभग 2700 लोगों का नाड़ी परीक्षण कर निःशुल्क औषधि प्रदान की गई। जिसमें पंचकर्म द्वारा उपचार एवं जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, साईटिका, त्वचा रोग, लिवर रोग, किडनी रोग, डायबिटीज, पेट संबंधी बीमारी, माईग्रेन, हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, अनिद्रा आदि तथा मस्सा एवं चाईं का तुरंत उपचार किया गया। वहीं लीच थैरेपी एवं रक्त मोक्षण द्वारा चर्म रोगों एवं जोड़ों के दर्द का उपचार किया गया। समापन अवसर पर मुनि संभव सागर महाराज ने कहा कि हमारे शास्त्रों में ग्रंथों में सिर्फ आयुर्वेद ही भारतीय चिकित्सा पद्धति है इसलिए आयुर्वेद हर घर तक पहुंचे ऐसा प्रयास हम सब को करना है। शिविर में पूर्णायु आयुर्वेद अनुसंधान विद्यापीठ के चिकित्सकों एवं सेवाभावी लोगों का सम्मान समिति ट्रस्ट एवं जैन समाज द्वारा किया गया संचालन सतीश जैन मंत्री ने एवं आभार अशोक जैन ने व्यक्त किया।

## मां दुर्गा की आकर्षक रंगोली बनाई

**गंजबासौदा।** नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर राजेन्द्र नगर वार्ड नंबर 20 निवासी तखतसिंह सेन की पुत्री शिवानी सेन ने शीतला शक्तिधाम मंदिर में माता रानी की आकर्षक रंगोली बनाकर सुंदर कला का प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि शिवानी पूर्व में भी कई भगवान की रंगोली बना चुकी है, जिसमें राम नवमी के अवसर पर गांधी चौक स्थित राम जानकी मंदिर के बाहर श्री राम की मनमोहक रंगोली बनाई थी। शिवरात्रि पर शिव पार्वती की रंगोली बनाई थी। जिसे देख कर नागरिकों द्वारा शिवानी की बनाई गई रंगोली की खूब प्रशंसा की गई थी।




## सैंट एसआरएस स्कूल में हुआ कार्यक्रम

# निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सैंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में नगरपालिका के तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से गांधी जयंती तक स्वच्छता पखवाड़ा के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पर्यावरण के लिए दुश्मन बन चुकी सिंगल यूज प्लास्टिक से धरती को बचाने के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध लेखन प्रतियोगिता में संस्था के प्राचार्य उमेशचंद्र यादव, एनएसएस प्रभारी कृष्ण पाल सिंह चौहान सहित शिक्षक गोविंद कुशवाह, रंजू मेम, तोषी मैडम ने विषयवस्तु पर प्रकाश डाला वहीं सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने सिंगल यूज प्लास्टिक की उपयोगिता कम करने के लिए अपने सुझाव दिए। प्रतियोगिता में कई श्रेष्ठ निबंधों का चयन किया गया। इसमें तीन चयनित प्रतिभागी तान्या पुत्री रामावतार शर्मा कक्षा 12 वीं प्रथम, अंजली पुत्री दिनेश कुशवाह कक्षा 12 वीं दूसरे एवं अरुण पुत्र तखत सिंह अहिरवार कक्षा 12 वीं को तृतीय स्थान के लिए चयनित किया गया।

### पोषण माह अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित



**गंजबासौदा।** पोषण माह के अंतर्गत ग्राम गमोलीखेड़ा ग्राम पंचायत गामखर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिला बाल विकास की सुपरवाइजर हेमलता रघुवंशी, प्राथमिक शाला शिक्षक विनोद श्रीवास्तव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता निशा शर्मा, सहायिका उमेदी बाई सहित ग्राम की अनेक महिलाऐं, बच्चे और बच्चों के पिता उपस्थित रहे। आंगनवाड़ी केन्द्र पर उपस्थित ग्रामीणजनों को पोषण से भरपूर व्यंजन की शपथ दिलाई गईं।

### टीटी जैन पाठशाला में जित्तू खरे की भजन संध्या आज



**गंजबासौदा।** श्री नवदुर्गा उत्सव समिति पाठशाला परिवार के तत्वावधान में भजन संध्या एवं लोकगीत कार्यक्रम का आयोजन बुधवार 24 सितंबर को रात्रि 8 बजे से पाठशाला ग्राउण्ड में आयोजित किया गया है। जिसमें प्रसिद्ध लोक गायक जित्तू खरे बादल रंगारंग प्रस्तुतियां देंगे। श्री नवदुर्गा उत्सव समिति पाठशाला परिवार ने अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## नवांकुर में निबंध व रंगोली प्रतियोगिता संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत नवांकुर विद्यापीठ में सिंगल यूज प्लास्टिक विषय पर आज निबंध रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें 150 से अधिक छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में हर्षित श्रीवास्तव ने प्रथम, भूमि सोनी और निशिका रघुवंशी ने द्वितीय तथा हर्ष तिवारी और निमिषा तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता विद्यालय के शिक्षक गौरव साहू और भागीरथ शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। सभी चित्रकलाऐं सुंदर और मनमोहक थी। रंगोली प्रतियोगिता में भूमि सोनी और नंदिनी साहू की टीम ने प्रथम, पूजा रघुवंशी और रीता रघुवंशी की टीम ने द्वितीय तथा मनीषा मीना और शालू कुशवाह की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता विद्यालय की शिक्षिका दीपिका चौरसिया और मेघा शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

निबंध प्रतियोगिता में अंतरा दुबे ने प्रथम, आयुषी यादव ने द्वितीय तथा रितु रघुवंशी और नंदनी दागी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता शिक्षक अवधेश कुशवाह के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। नगर पालिका परिषद द्वारा सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र तथा प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को शील्ड और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर नगर पालिका के आरके नेमा सहित अन्य अधिकारीगण, विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित, संदीप रावत आदि शिक्षकगण उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि भारत शासन द्वारा निर्देशित स्वच्छता ही सेवा दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है, जिसमें विद्यार्थियों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### सिरोंज का सबसे बडा गरबा महोत्सव का आयोजन 26 को

**सिरोंज।** सिरोंज रंगमंच महोत्सव समिति द्वारा 26 सितंबर को सिरोंज का सबसे बडा गरबा महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। जो कि नगर के लिंक रोड स्थित श्याम वाटिका में आयोजित किया जायगा। तो वही समिति के सदस्य वरूण बंसल से नागरिको से अपील करते हुए कहा कि सिरोंज रंगमंच महोत्सव द्वारा आयोजित विशाल गरबा महोत्सव में बडी संख्या में शामिल होकर गरबा आयोजन में सहभागी बनें।

### हुंडिया ने हीरे के व्यापारिओं को किया सावधान

**सिरोंज।** हीरा विशेषज्ञ हार्दिक हुंडिया ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान बताया की हीरा बाज़ार में एक ऐसी घटना सामने आई है जो हम सोच नहीं सकते। नवसारी से एक विक्रम संघवी नामक एक कर्मचारी मुंबई आने के लिये निकला। वो जो ऑफिस में दुबई में काम करते थे उनके भागीदार ने उनको एक हीरे की पुड़िया नवसारी में दिया। पुड़िया विपुल ने बेग में रख दिया। वंदे भारत ट्रेन में विक्रम नवसारी से बोरीवली आया। बोरीवली आके देखा तो बेग में से हीरे का पुड़िया गायब। ये पूड़े की कीमत अंदाजित तीन करोड़ की बताई जा रही है। अब विक्रम पर ये आरोप लगाया गया है कि इस ने तीन करोड़ का पुड़िया कहा ग़ायब किया। उसके पर पुलिस फ़रियाद हुई और जेल में बंद हो गया। उसको पुलिस कस्टडी हुई है। हीरा विशेषज्ञ हार्दिक हुंडिया का कहना है कि ऐसे तीन करोड़ का पुड़िया कोई रास्ते में आके कैसे दे सकता है। पुड़िया लाने वाला कर्मचारी विश्वासु होगा तो ही पुड़िया दिया होगा। सब से बड़ी शंका की बात ये है की पुड़िया देने वाले ने पुड़िया लेकर जाने वाले के ख़लिफ़ फ़रियाद क्यों की। जब की जिन की बेग से हीरे का पुड़िया गायब हुआ उनसे पुलिस फ़रियाद करा के उनको ये पुड़िया ढूंढने में मदद करनी चाहिए।

**जैसीनगर में सीएम डॉ. मोहन यादव करेंगे मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता योजना का शुभारंभ**

# पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को साकार करने मुख्य मंत्री अन्न सेवा जागरूकता योजना का हो रहा शुभारंभः मंत्री राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का शुभागमन सुरखी विधानसभा के जैसीनगर में हो रहा है। इसके संबंध में मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। मंत्री राजपूत ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के महान चितक, कुशल संगठन कर्ता, विश्व को एकात्म मानववाद का सिध्दांत देने वाले, साहित्यकार पं. दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय के मंत्र के साथ मजबूत भारत के निर्माण का सपना देखा था। सरकार उनके बताए मार्ग पर चलते हुए काम कर रही है। पं. दीनदयाल जी ने कहा था कि राष्ट्रवाद हमारी प्रेरणा है, अंत्योदय हमारा लक्ष्य है।

मंत्री राजपूत ने बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के सपने को साकार करने लिए उनकी जन्म जयंती पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता योजना की शुरुआत हो रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री अन्न सेवा जागरूकता योजना का शुभारंभ करेंगे। इस योजना से उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए सार्वजनिक उचित मूल्य दुकानों से वितरित होने वाले राशन की पूरी प्रकिया को पारदर्शी बनाया जाएगा।मंत्री राजपूत ने आगे बताया कि उपभोक्ताओं में आपका राशन आपका अधिकार के तहत जागरूकता लाने के लिए समय-समय पर चरणबद्ध रूप से उपभोक्ता जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्म जयंती के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जैसीनगर में आपका राशन आपका अधिकार के तहत अन्य सुरक्षा संकल्प समारोह एवं करोड़ों की लागत के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण करेंगे।

मंत्री राजपूत ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में लोगों को आमंत्रित करने व्यवस्थाओं की देखरेख एवं मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए पूरी तत्परता से योगदान दें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती एवं मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों में कोई कमी ना हो। हर व्यवस्था सुदृढ़ हो। उन्होंने क्षेत्र वासियों से आग्रह किया की अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## एक पेड मां के नाम अभियान...

# पौधे मानव जीवन के लिए अनमोल और अत्यंत महत्वपूर्ण हैं: सिंधिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



सिंधिया फैंस क्लब के जिला अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने दिल्ली पहुचकर मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष युवराज महाआर्यमन सिंधिया के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत श्रीमंत युवराज साहब के साथ उनके निज निवास पर चंदन के पौधे का रोपण किया गया।

इस मौके पर युवराज महाआर्यमन सिंधिया ने कहा कि पौधे मानव जीवन के लिए अनमोल और अत्यंत महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे हमें श्वास लेने के लिए आवश्यक ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, भोजन फल, अनाज, सब्जियां, औषधियां, कपड़े और इमारती लकड़ी देते हैं. ये जल चक्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, मिट्टी को कटाव से बचाते हैं, वन्यजीवों को आवास देते हैं और प्रदूषण को कम करके वातावरण को शुद्ध रखते हैं. पौधों के बिना पृथ्वी पर जीवन संभव नहीं है, इसलिए उनका संरक्षण और अधिक रोपण करना पृथ्वी को बचाने के लिए आवश्यक है। साथ ही पौधे प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया द्वारा वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं, जो मनुष्यों और सभी जानवरों के लिए जीवनदायिनी है। इस दौरान सिंधिया फैंस क्लब जिला अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा,बैतूल के जिला अध्यक्ष दिनेश यादव,चिचोली मंडल उपाध्यक्ष गोपेन्द्र यादव,सरवन यादव सहित समस्त सिंधिया फैंस क्लब टीम के कार्यकर्ताओं ने श्रीमंत युवराज से मुलाकात कर वृक्षारोपण किया और खेल की गतिविधियों को लेकर चर्चा की।



### दो दिवसीय अत्यंत उपयोगी सीबीएसई प्रशिक्षण सत्र

**सिरोंज।** नगर के कुरवाई रोड स्थित ईशान इंटरनेशनल स्कूल के शिक्षकों ने सीबीएसई पाठ्यक्रम पर दो दिवसीय अत्यंत उपयोगी सीबीएसई प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया। जिसका संचालन प्रतिष्ठित सीबीएसई संसाधन के व्यक्तियों द्वारा किया गया। इस सत्र में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि, व्यावहारिक दिशानिर्देश और प्रभावी कार्यान्वयन पर स्पष्टता प्रदान की गई। शिक्षकों ने इसे अत्यंत उपयोगी पाया और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने के लिए अपने शिक्षण अभ्यासों में साझा दिशा निर्देशों का ईमानदारी से पालन करने का संकल्प लिया।

### स्वछता ही सेवा व सेवा पखवाड़ा अभियान




**सिरोंज।** नगर पालिका परिषद द्वारा स्वछता ही सेवा एवं सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत कचरा प्रथक्करण करके बताया गया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू द्वारा लोगों से निवेदन किया गया कि घरों से निकलने वाला कचरा अलग अलग करके ही कचरा संग्रहण वाहन में डालें। ताकि उस कचरे का प्लांट पर प्रसंस्करण कर उचित उपयोग किया जा सके। इसमें उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना,नपा उपाध्यक्ष मनोज शर्मा सहित नगर पालिका सफाई मित्र उपस्थित रहे।

## चल समारोह में भजनों की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे युवा

# अग्रवाल समाज ने मनाई महाराज अग्रसेन जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

महाराज अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह प्रभात फेरी के बाद मंदिर में महाराज अग्रसेन की प्रतिमा का अभिषेक एवं पूजन किया गया। अग्रवाल समाज के संगठनों ने सप्ताह भर से कई कार्यक्रम आयोजित किए। प्रातः अग्रवाल समाज ने महाराज अग्रसेन की प्रभात फेरी निकाली। इसमें समाज के सदस्य प्रमुख गलियों से भजन-कीर्तन करते हुए निकले। इसके पश्चात प्राचीन गिरधारी मंदिर परिषर में महाराज अग्रसेन मंदिर में विशेष पूजा अर्चना एवं अभिषेक के बाद महाराज की कथा का वाचन किया गया। दोपहर में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।



**शाम को निकला चल समारोह**

*नगर में शाम 7 बजे कठाली बाजार से अग्रवाल समाज द्वारा भव्य चल समारोह निकाला गया। जिसकी अगवानी विभिन्न बाजयंत्रो से की जा रही थी। इस चल समारोह में समाज की महिलाएं व बच्चिया राजशी परिवेश में सिर पर कलश रख चल रही थी। रथ में महाराज अग्रसेन की तस्वीर रखी हुई थी। चल समारोह में युवा भजनों की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे। चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए चांदनी चौक पहुंचकर सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात सतखनी मोहल्ला स्थित अग्रवाल समाज मंदिर में देर रात तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यकम आयोजित किए गए। इस दौरान बडी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।*

# नवागत एसडीएम शशि मिश्रा ने अस्पताल और विद्यालय का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर में पदस्थ हुईं नवागत एसडीएम शशि मिश्रा ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टोर रूम, एनआरसी वार्ड तथा अस्पताल परिसर की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मौजूद डॉक्टरों से उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली और अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही उन्होंने साफ-सफाई और आवश्यक संसाधनों की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।अस्पताल निरीक्षण के पश्चात एसडीएम मिश्रा संदीपनी विद्यालय पहुंचीं, जहां उन्होंने निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया।

उन्होंने कक्षाओं में चल रहे फिनिशिंग कार्य और निर्माण की गुणवत्ता का अवलोकन कर संबंधित इंजीनियर को गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार सौरव मालवीय और जनपद सीईओ जितेंद्र जैन भी मौजूद रहे। एसडीएम ने कहा कि विकास कार्यों और जनहित से जुड़ी सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### सनातन ब्राह्मण महासभा की कार्यकारिणी गठित



**विदिशा।** मंगलवार को होटल राजावत में संपूर्ण सनातन ब्राह्मण महासभा की कार्यकारिणी का गठन और नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजेश व्यास, सचिव रमाकांत शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष दीपाली तिवारी, वरिष्ठ समाजसेवी दीपक दुबे, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रीति तिवारी मौजूद रहीं।

### ग्यारसपुर में भक्तिमय माहौल, पंडालों में देवी मां की घट स्थापना

**ग्यारसपुर।** सोमवार को नगर में नवरात्र उत्सव का शुभारंभ भक्तिमय वातावरण में हुआ। सुबह से ही श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक रहा। ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्त ग्यारसपुर पहुंचे और माता रानी की झांकियां लेकर अपने गांव के लिए लौटें ,यह श्रृंखला देर रात तक चलती रही।देर रात नगर के विभिन्न पंडालों में देवी मां की घट स्थापना की गई। इस अवसर पर नवदुर्गा उत्सव समिति कुशवाहा शिवालय एवं दुर्गा चौक की झांकियों का बाईपास से भव्य चल समारोह निकाला गया। डीजे की भक्ति धुनों पर भक्तजन झूमते-नाचते नजर आए, वहीं ट्रॉले पर नृत्यांगनाओं की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।समिति के सदस्यों द्वारा चल समारोह के दौरान की गई आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रही। सुबह से ही नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के भक्त मां बिजासन देवी मैया, दरवाजे वाली माता, जोशी वाली माता, शागम्बरी देवी एवं स्थानीय मंदिरों में जल चढ़ाने और दर्शन के लिए पहुंचे। नगर का माहौल पूरी तरह से भक्ति और आस्था में रंगा हुआ दिखाई दिया।

# जहर खिलाने का आरोप लगाने वाले सुरक्षागार्ड की मेडिकल रिपोर्ट की जांच की मांग, एसपी से शिकायत

***गंभीर आरोप लगने से मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी । फर्म को बदनाम करने के लिए इस तरह के आरोप लगाने की बात कही।***

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विगत दिनों अस्पताल के सुरक्षा गार्ड आर्यन जोशी और उसके चाचा राहुल जोशी ने अस्पताल की सुरक्षा एजेंसी के संचालक मूलचंद कुर्मी पर प्रसाद में जहर देने के गंभीर आरोप लगाए थे।

सोमवार को फर्म संचालक ने एसपी रोहित काशवानी को आवेदन देकर मामले की जांच की मांग की है। एसपी को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि सुरक्षाकर्मी आर्यन जब अस्पताल में भर्ती था तो उसकी सभी प्रकार की जांचें की गईं। अगर जहर जैसी कोई चीज दी है तो टेस्ट रिपोर्ट में सामने आ जाएगी। उन्होंने अस्पताल के सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग की जांच की मांग की है। फर्म संचालक मूलचंद कुर्मी का कहना है आरोप लगाकर मेरी फर्म को बदनाम करने और प्रतिष्ठा को धूमिल कर मानसिक रूप से परेशान किया गया।

जबकि आरोप लगाने वाले राहुल जोशी पर ही आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। फर्म संचालक कुर्मी का कहना है कि जब आर्यन अस्पताल में भर्ती था तब उसके परिजनों ने मुझे जान से मारने की धमकी दी। यह लोग मेरे साथ कुछ भी कर सकते हैं। परिवार को भी खतरा है। इसलिए जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

**अस्पताल के कैमरों और आरोप लगाने वाले सुरक्षा गार्ड की सभी मेडिकल रिपोर्ट की जांच की मांग, ताकि सच्चाई उजागर हो सके**

### बैठक हुई

**सागर।** बंडा में 23 सितम्बर को क्षत्रिय महासभा जिला सागर की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आगामी 29 सिंतबर को सागर शहर में वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना हेतु रैली के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसको लेकर समाज के सभी सम्मानीय जनों को बैठक में आमंत्रित किया।

### ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी में रेसिपी डेमोंस्ट्रेशन कार्यक्रम हुआ

**विदिशा।** ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी में अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन के द्वारा पोषण माह के अंतर्गत रेसिपी डेमोंस्ट्रेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों ओमप्रकाश घावरी, आकाश खत्री, राजकुमारी मोंगिया, सचिन यादव, पीयूष शर्मा, मनोज शर्मा मौजूद रहे। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह की महिला उमा गुप्ता द्वारा आटा–बेसन लापसी बनाकर हितग्राहियों को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पोषण माह के अंतर्गत उपस्थित जनों को सपथ दिलाई गई। साथ ही महिलाओं को सही खान–पान अपनाने, चीनी एवं नमक का कम उपयोग करने की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त टी.एच.आर. पैकेट से बनने वाले पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया तथा इसके उपयोगी होने की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही पोषण संजीवनी किट भी कुपोषित बच्चों को वितरित की गई। इस अवसर पर महिला बाल विकास से सेक्टर सुपरवाइजर अनीता गुप्ता,अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन से दीक्षा चौहान, वंदना परमार, अनीता साहू, केतन बैरागी, राजीव द्वारिया, नरेंद्र यादव, आशीष रघुवंशी, मुस्कान शर्मा, तथा स्कूल टीचर सुषमा गुप्ता उपस्थित रहे।आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम की महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी कार्यशाला का आयोजन

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में, उन्नत अनुसंधान केंद्र (सीएआर) के द्वारा लेज़र रमन स्पेक्ट्रोस्कोपी (एलआरएस) पर एक दिवसीय हैंड्स ऑन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 18 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित कोलिंजा शाखा देव खजूरी**

पंजीयन क्रमांक 462 - 10/12/1992

// वार्षिक आम सभा सूचना //

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कोलिंजा के समस्त अंशदारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा दिनांक 24/9/2025 को दिन बुधवार समय 3:00 से स्थान समिति कार्यालय भवन कोलिंजा में आयोजित की गई है। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में, स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी स्थान पर 1/2 घंटे पश्चात होगी, जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी।

पूजा यादव
समिति प्रबंधक, बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहायक सहकारी समिति कोलिंजा

किशोर कुमार अहिरवार
प्रशासक, बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहायक सहकारी समिति कोलिंजा

# रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई



देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत कुरवाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें कुरवाई के विधायक हरि सिंह सप्रे की उपस्थिति में भाजपा के युवा कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ रक्तदान किया एवं स्वास्थ्य केंद्र द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर दवाइयां वितरण की गई। रक्तदान शिविर में सर्वप्रथम विधायक हरि सिंह सप्रे के ज्येष्ठ पुत्र ऋषि सप्रे द्वारा रक्तदान किया गया जिससे प्रेरणा लेकर दर्जनों युवाओं धर्मेंद्र राजपूत बुखारा सौरभ खटीक आकाश राजपूत अभिषेक राजपूत आकाश अहिरवार, धनीराम चिढ़ार, राहुल राजपूत, विनोद लोधी,नीरज लोधी, हरिओम लोधी, श्याम दांगी आर्यन अहिरवार ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को विधायक सप्रे, शासकीय महाविद्यालय जन भागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी, पार्षद इलियास मोहम्मद, पूर्व पार्षद पार्षद इंजी. रजनीश साहू विधानसभा संयोजक विनोद जैन भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश लोधी मेहलुआ मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र राजपूत की उपस्थिति में प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# आजम खां की रिहाई कमजोर तबके की आस्था की जीत है : रायकवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

उत्तरप्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री 10 बार के विधायक, 2 बार लोक सभा और 1 बार राज्य सभा सांसद रहे समाजवादी पार्टी के संस्थापक मो.आजम खां को न्यायालय से बेल पर रिहा हो गए है।

उनकी रिहाई पर समाजवादी के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश रायकवार ने खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि यह कमजोर, न्याय पसंद, सच का बोलबाला देखने वालो की जीत है। देश के चंद उंगलियों पर गिने जाने बाले ईमानदार नेताओं में आजम खां है वह उन्हें कई वर्षों से जानते है, उन्होंने रामपुर के गरीब कमजोर बच्चों की शिक्षा के लिए महज 20 रुपए महीने की फीस लेकर सीबीएससी बोर्ड के स्कूल शुरू किए।

जिन बच्चों के माता पिता नहीं थे उन्हें निःशुल्क शिक्षा, किताबें, मुफ्त ड्रेस, युवाओं को अच्छे विश्वविद्यालय दिए। रामपुर का विकास बिना किसी भेदभाव के कराया। आजम खां के रिहा होने पर शीघ्र कमजोरों जरुरतमंदो को फिर शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक एकता, सम्मान अधिकारों के संघर्ष के मैदान में साथ होंगे।

**कार्यालय फीनिक्स बायो सीड्स एण्ड प्रोसेस्ड फूड को-ऑपरेटिव सोसायटी, कुरवाई जिला विदिशा (म.प्र.)**

पंजीयन क्र. DR/VDS/917/29.03.2014

वार्षिक आमसभा की सूचना

बीजोत्पादक समिति के सभी अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा की बैठक दिनाँक 30/09/2025 को समय दोपहर 1:00 PM बजे समिति के पंजीकृत कार्यालय पर आयोजित की जाना है, जिसमें समिति के समस्त सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है, कोरम के अभाव में 30 मिनिट पश्चात् समिति कार्यालय पर पुनः बैठक आयोजित की जावेगी प्रत्येक सदस्य जो आम सभा की सूचना अलग से भी जारी की गई है, बैठक का एजेंडा प्रत्येक सदस्य को प्रत्यक्ष रुप से सदस्यों के पते पर भेजा गया है।

प्रबंधक / अध्यक्ष

करमासन हटा में हितग्राहियों के घर देखे, बच्चों से की पढ़ाई पर बातचीत

# प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीबों का सपना किया साकार: राज्यपाल मंगुभाई पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मंगलवार को जिले के ग्राम करमासन हटा का दौरा किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बने घरों का अवलोकन किया और हितग्राहियों से सीधे संवाद किया। इस दौरान उन्होंने हरकुंवर आदिवासी और प्रभु दयाल सौंर के घर पहुँचकर उनके परिवारों से बातचीत की और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीबों के पक्के घर का सपना पूरा किया है। इस योजना से न सिर्फ मकान बने हैं बल्कि गरीब परिवारों और उनके बच्चों का भविष्य भी सुरक्षित हुआ है। उन्होंने हितग्राहियों से शासन की अन्य योजनाओं से हो रहे लाभ की जानकारी ली और छोटे बच्चों से पढ़ाई के विषय में चर्चा करते हुए उपहार भी भेंट किए।



### मेरे सपने को हकीकत में बदला पीएम आवास योजना ने

पीएम आवास योजना की हितग्राही हरकुंवर आदिवासी ने बताया कि पहले वह कच्ची झोपड़ी में रहती थीं, जहाँ हर मौसम में परेशानी झेलनी पड़ती थी। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पक्का मकान बनाना सिर्फ एक सपना मात्र था, लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना ने हमारे सपने को हकीकत में बदल दिया। उन्होंने कहा कि अब उनके बच्चे सुरक्षित और बेहतर माहौल में रह पाएंगे। शासन की योजनाओं से उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हुआ है। राज्यपाल कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, अन्य जनप्रतिनिधियो सहित सागर संभागायुक्त अनिल सुचारी, पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के अलावा अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### सरकार समाज के हर वर्ग की चिंता कर रही है: राज्यपाल



संवाद के दौरान राज्यपाल ने वर्तमान सरकार की योजनाओं को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग की चिंता कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा प्रधानमंत्री न तो अतीत में देखा गया और न भविष्य में देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमने अतीत का दौर भी देखा है और वर्तमान का अनुभव भी कर रहे हैं, लेकिन पीएम मोदी का नेतृत्व अभूतपूर्व है। इस अवसर पर जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, पूर्व विधायक राहुल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत, कलेक्टर विवेक श्रोतिय, पुलिस अधीक्षक मनोहर मंडलोई और सागर आईजी हिमानी खन्ना सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

### दो इंजन में से एक में नहीं आ रहे थे सिग्नल

कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने पूरे घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए बताया कि राज्यपाल जिस हेलिकॉप्टर से आए थे, वह दो इंजन वाला था। वापसी के दौरान एक इंजन में सिग्नल की समस्या आने से उड़ान बाधित हुई। तकनीकी स्टाफ ने मौके पर खामी दुरुस्त की, जिसके बाद ही उड़ान संभव हो पाई। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों और प्रशासनिक अधिकारियों का पूरा अमला मौजूद रहा। वीडियो में हेलिकॉप्टर क्रू मेंबर को रोटर के पास खटखटाते और निरीक्षण करते देखा गया।

### तकनीकी खराबी का शिकार हुआ हेलिकॉप्टर, कार में बैठकर किया इंतजार

प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल मंगलवार को जिस हेलिकॉप्टर से टीकमगढ़ पहुंचे, वह हेलीकाप्टर वापसी के समय तकनीकी खराबी का शिकार हो गया, जिसके चलते हेलीकाप्टर आधे घंटे तक उड़ान नहीं भर सका। राज्यपाल पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार हेलिकॉप्टर में सवार हो चुके थे, लेकिन दो-तीन प्रयासों के बाद भी हेलीकाप्टर का उड़ान भरना संभव नहीं हो सका। इसके बाद राज्यपाल वापस आकर अपनी कार में बैठ गए। तकनीकी दल ने लगभग तीस मिनट तक प्रयास कर खामी को दूर किया, जिसके बाद हेलिकॉप्टर ने उड़ान भरी और राज्यपाल भोपाल के लिए रवाना हुए।

### कर्मासन हटा में संवाद, बुंदेली व्यंजनों का अवलोकन, कुपोषितों को दी पोषण वास्केट

राज्यपाल का कार्यक्रम टीकमगढ़ से लगभग 20 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत कर्मासन हटा में था। गांव से करीब दो किलोमीटर दूर अस्थायी हेलीपेड बनाया गया था। यहां राज्यपाल ने आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आदि साथी और आदि सहयोगियों से संवाद किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर महिलाओं ने साफा पहनाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने स्व-सहायता समूह की महिलाओं से भेंट की और बुंदेली व्यंजनों का अवलोकन किया। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं और कुपोषित बच्चों को पोषण बास्केट वितरित की गईं। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना का भी निरीक्षण किया और लाभार्थियों से बातचीत की।

---

बहादुर सिंह ने किया पलेरा में प्रवेश

## ओरछा रामराजा सरकार दर्शन के लिए 85 किमी की दंडवत यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

थाना क्षेत्र के टीला गांव के निवासी बहादुर सिंह लोधी ने रामराजा सरकार धाम ओरछा के दर्शन के लिए दंडवत यात्रा शुरू की है। युवक बहादुर सिंह लोधी ने दंडवत यात्रा करते हुए बीते मंगलवार की सुबह पलेरा नगर में प्रवेश किया। बताया गया है कि टीला गांव के रामसागर धाम से प्रारंभ की गई यात्रा 85 किलोमीटर की दूरी तय करके ओरछा स्थित श्री रामराजा सरकार मंदिर पहुंचेंगी। यात्रा के दौरान बहादुर सिंह लोधी के साथ गांव के करीब 10 लोग मौजूद रहे। युवक बहादुर सिंह दंडवत प्रणाम करते हुए यात्रा कर रहा है, जिसमें वह पूरे रास्ते लेटकर माथा टेकते हुए आगे बढ़ रहा है। स्थानीय नगर के नागरिकों ने जगह-जगह इस यात्रा का स्वागत किया एवं स्वल्पाहार भी कराया। स्थानीय लोगो ने युवक बहादुर सिंह की भक्ति देख आश्चर्य व्यक्त किया। लोगो का कहना है कि वर्तमान समय में भी इस तरह की कठिन यात्रा कर ईश्वर के प्रति अपनी भक्ति प्रदर्शित करने के ऐसे उदाहरण बहुत ही कम देखने को मिलते है। क्योंकि दंडवत यात्रा में शरीर को बहुत कष्ट होता है लेकिन ईश्वर की भक्ति की ताकत की बजह से शारीरिक पीड़ा का अहसास नहीं होता।

### नवरात्रि के पावन पर्व पर बड़ी देवी मंदिर में जुट रही भक्तों की भारी भीड़



पलेरा। नगर में नवरात्रि के अवसर पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी संख्या में भीड़ उमड़ रही है। माता की चौकी, जगराता और गरबा जैसे आयोजन जहां भक्तों में उत्साह जगा रहे हैं, वहीं पलेरा नगर का प्रमुख बड़ी देवी मंदिर इस पर्व का प्रमुख केंद्र बना हैं। हर साल की तरह इस बार भी बड़ी देवी जी हिंगलाज माता मंदिर में विशेष सजावट और अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई है। श्रद्धालु मानते हैं कि मां के मंदिरों का दर्शन करने से देवी मां की कृपा विशेष रूप से प्राप्त होती है। इसी क्रम में नवरात्रि पर्व के दूसरे दिन नगर के वार्ड क्रमांक 7 की महिला पार्षद श्रीमती दीपा-मुकेश यादव के द्वारा हिंगलाज माता मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। नगर के विकास एवं सुख समृद्धि की कामना को लेकर देवी माता को चुनरी, सिंगार एवं त्रिशूल शस्त्र विधि विधान के साथ चढ़ाया गया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनील खटीक, नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप तिवारी उर्फ रानू, पार्षद गुलाब आदिवासी, भाजपा नेता हरसेवक राजपूत, पूर्व पार्षद अवध नापित, पार्षद रामकिशोर कुशवाहा समेत नगर के तमाम भाजपा कार्यकर्ता एवं गामान्य नागरिक इस आयोजन में शामिल रहे। नगर की प्रसिद्ध देवी हिंगलाज माता मंदिर का इतिहास आज भी पलेरा नगर की सांस्कृतिक धरोहर से गहराई से जुड़ा है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, जब-जब नगर पर कोई संकट आया, देवी मंदिर की आस्था ने लोगों को संबल दिया।

---

नजरबाग मैदान में होगा गरबा उत्सव

## शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ, विधि विधान से की गई घटस्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शारदीय नवरात्रि का आगाज सोमवार को विधि-विधान से घटस्थापना के साथ हुआ। शुभ मुहूर्त में भक्तों ने मां दुर्गा का पूजन कर कलश स्थापित किए और देवी आराधना का शुभारंभ किया। कटरा बाजार में 40 सालों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस बार सागर से विशेष देवी प्रतिमा मंगवाई गई है। आयोजन समिति के अनुसार 1.70 लाख रुपए की लागत से झांसी की रानी के स्वरूप में प्रतिमा तैयार करवाई गई है, जिसे भक्तों के दर्शन के लिए सजाया गया है।



### काली मां और जगन्नाथ का दरबार

मिश्रा तिराहे पर अनूठा संगम देखने को मिल रहा है, जहां बीते 10 वर्षों से मां दुर्गा के साथ भगवान जगन्नाथ का दरबार सजाया जाता है। लुकमान चौराहे पर 40 वर्षों से काली मां का दरबार सजने की परंपरा कायम है। इस बार यहां 16 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है।

### नजरबाग मैदान में गरबा उत्सव

नजरबाग मैदान में विशेष दुर्गा पंडाल बनाया गया है, जहां नौ दिनों तक गरबा का आयोजन होगा। छोटी देवी मंदिर परिसर में नौ दिवसीय मेला प्रारंभ हो चुका है। वहीं भैरव बाबा मोहल्ला, ताल दरवाजा, दीक्षित मोहल्ला और हवेली रोड सहित अन्य स्थानों पर भी दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं।

### सुरक्षा और स्वच्छता के इंतजाम

नवरात्रि पर्व को लेकर नगर पालिका ने विशेष स्वच्छता अभियान चलाने की घोषणा की है। एसडीओपी राहुल कटरे ने बताया कि प्रमुख देवी मंदिरों और दुर्गा पंडालों के आसपास सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं, ताकि श्रद्धालु निर्बाध रूप से पूजा और उत्सव में भाग ले सकें।



## नवरात्रि के अवसर पर नारी शक्ति को समर्पित एसपी का अभियान

टीकमगढ़। नवरात्रि के पावन पर्व पर जब सम्पूर्ण समाज शक्ति स्वरूपा माँ दुर्गा की उपासना में संलग्न है, उसी भाव को आत्मसात करते हुए टीकमगढ़ पुलिस ने अपने महिला सुरक्षा-स्वतंत्रता-सम्मान अभियान को और अधिक सशक्त रूप में आगे बढ़ाया है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में पूर्व से संचालित इस अभियान के तहत जिले में नीड, परी, भरोसा, सहारा और आसरा नामक विशेष महिला पुलिस दल गठित किए गए हैं, जो क्रमवार अलग-अलग क्षेत्रों में पहुँचकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा और जागरूकता से जुड़े संदेश दे रहे हैं। इसी क्रम में 22 सितम्बर को शहर से सटी गरीब बस्तियों में महिला परी दल ने 0 से 12 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चियाँ शामिल हुईं और आत्मरक्षा से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व पर उपयोगी जानकारियाँ प्राप्त कीं। बच्चियों को ह्लगुड टचह्नबैड टचह्न की अवधारणा को सहज उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया तथा आत्मबल और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस दल ने यह भी स्पष्ट किया कि बालिकाओं की सुरक्षा और सम्मान केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का सामूहिक दायित्व है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि नवरात्रि नारी शक्ति की आराधना का पर्व है और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी बेटियां भी माँ दुर्गा की भाँति साहस और आत्मबल से परिपूर्ण हों। उन्होंने कहा कि समाज तभी सशक्त बनेगा, जब हर बेटी सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर होगी।

---

कलेक्टर अभियान की लगातार कर रहे हैं समीक्षा

## 9वें दिन नपा सीएमओ ओमपाल ने की सफाईकर्मियों व फोटोग्राफरों से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़






स्वच्छता ही सेवा अभियान को जन आंदोलन के रूप में परिवर्तित करके अभियान को सफल बनाने के लिये कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा अभियान का लगातार निर्देशन व पर्यवेक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर श्रोत्रिय के पर्यवेक्षण में नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा लगातार बैठके और चर्चा की जा रही है जिससे अधिक से अधिक संख्या में लोग उक्त अभियान में सहभागिता कर सके।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 25 सितम्बर होने वाले स्वच्छता जन आंदोलन को लेकर कलेक्टर के निर्देशानुसार मुख्य नपा अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा नपा कार्यालय में बैठक की गई। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 25 सितम्बर होने वाले स्वच्छता जन आंदोलन मे एक साथ कई स्थलों की सफाई की जानी है।जिसमें अधिक से अधिक लोगों को अभियान में जोड्ने के लिये तैयारी दिवस के 9वें दिन नगर पालिका कार्यालय में सभी सफाई हवालदार एवं सफाई कर्मी की एवं शहर के समस्त फोटोग्राफर वीडियोग्राफ़र से चर्चा की गई। जिसमें स्वच्छता ही सेवा अभियान को सफल बनाये जाने के लिये 25 सितम्बर को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की रूप रेखा बनाई गई साथ ही कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को अभियान से जुड़ने की अपील भी की गई। इसके अलावा सीएमओ भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से एक विशाल स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली वीरांगना अवंती बाई लोधी कन्या महाविद्यालय से प्रारम्भ हुई और हॉस्पिटल चौराहे होते हुए पुलिस लाइन पर समाप्त हुई। रैली मे कालेज की छात्राओं, नगर वासियों और नगर पालिका के कर्मचारियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम की सफलता और अभियान को जन आंदोलन का रूप देने के उद्देश्य से नगर पालिका कार्यालय में नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा शहर के समाजसेवियो, ठेकेदारों व बिभागीय अधिकारियो के साथ पूर्व में बैठक की जा चुकी है। जिसमें स्वच्छता अभियान की सफलता और भागीदारी को लेकर चर्चा की गई थी। बैठक में नगर के समाजसेवीजन, पुलिस विभाग अधिकारी, ठेकेदार, इंजीनीयर एशोसियेशन, खेल विभाग अधिकारी शामिल हुए थे।

---

### कार चालक ने बाइक को मारी टक्कर

ललितपुर। बच्चे का इलाज कराने डाक्टर के घर गये व्यक्ति को अनियंत्रित गति से भाग रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक घायल हो गया और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। घायल युवक के भाई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। मोहल्ला मऊठाना निवासी दीपक सोनी पुत्र मनीराम सोनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भाई अमित सोनी उर्फ जीतू अपने बच्चे का इलाज कराने के लिए डा.सुनील बरया की निजी क्लीनिक तालाबपुरा में गया हुआ था, जहां अपराह्न करीब 1.30 बजे अस्पताल के सामने मोटर साइकिल प्लेटिना नं. यू.पी.94 ए.ए. 4960 उठा रहा था तभी लुहरयाना मोहल्ला मस्जिद के पास चौबयाना निवासी जगदीश प्रसाद झां पुत्र बल्देवप्रसाद ने लापरवाही व तेजी से कार संख्या यू.पी.81 डी.एन. 1535 को चलाते हुये उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया।

---

एक स्वर में मरीज के परिजनों व अस्पताल स्टॉफ ने ली स्वच्छता की शपथ

## स्वच्छ अस्पताल, स्वस्थ समाज, जिला चिकित्सालय में गूंजा स्वच्छता का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिला चिकित्सालय का माहौल मंगलवार को कुछ अलग ही था। सामान्य दिनों की तरह केवल इलाज और दवाइयों की चर्चा नहीं हुई, बल्कि इस बार विषय था, स्वच्छता। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत मरीजों के परिजनों और अस्पताल स्टाफ ने एक स्वर में शपथ ली कि अब अस्पताल का हर कोना साफ-सुथरा रहेगा और गंदगी फैलाने वालों को समाजिक जिम्मेदारी का एहसास कराया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम में लोगों को समझाया गया कि अस्पताल सिर्फ इलाज की जगह नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का मंदिर है। अगर मंदिर को स्वच्छ रखना जरूरी है तो अस्पताल को साफ रखना तो और भी अनिवार्य है।

### गुटखा का सेवन बना सबसे बड़ा अपराध

शपथ के दौरान यह बात जोर देकर कही गई कि अस्पताल परिसर में सबसे ज्यादा गंदगी गुटखा खाने और थूकने से होती है। सहायक प्रबंधक डॉ. अंकुर साहू ने साफ शब्दों में कहा कि अब अस्पताल में गुटखा नहीं चलेगा। उन्होंने लोगों को चेताया कि कोटपा कानून के तहत न सिर्फ जुर्माना बल्कि कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है। इस कार्यवाही से बचने के लियें जिला अस्पताल में गुटखा व तम्बाकू का सेवन करने से बचना चाहिए।



### कूड़ेदान ही है कचरे का सही ठिकाना

मरीजों और उनके परिजनों से अपील की गई कि वे अस्पताल की सफाई व्यवस्था का हिस्सा बनें और कचरे को केवल कूड़ेदान में ही डालें। डॉक्टरों ने कहा कि साफ-सुथरा वातावरण ही संक्रमण से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है। क्योंकि कूड़े से गंदगी फैलती है और गंदगी से संक्रमण फैलता है जो अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिये नुकसान दायक होता है।

### अस्पताल में स्वच्छता कायम रखने सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर

इस अवसर पर डॉ. शालू जौहरी, डॉ. डी.एस. भदौरिया, मैटर्निटी प्रभारी सरोज, कंचन तिवारी, रागिनी पाठक, क्वालिटी मॉनिटर भारती सिंगरौली, नीतू साहू सहित नर्सिंग स्टाफ, सुपरवाइजर सद्दाम खान और सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने एकमत होकर कहा कि केवल सफाई कर्मियों पर ही जिम्मेदारी डालने से काम नहीं चलेगा, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि अस्पताल स्वच्छ रहे।

### स्वच्छता का संकल्प कागजो में सीमित न रहकर बने जन आंदोलन

अस्पताल में लिया गया यह संकल्प सिर्फ कागजों तक सीमित न होकर एक आंदोलन की तरह दिखा। शपथ लेने वालों के चेहरों पर साफ झलक रहा था कि अब स्वच्छता उनके लिए केवल आदत नहीं बल्कि सेवा का पर्याय बन चुकी है।